तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

11 65 करोड़ की सड़क परियोजना कछुआ गति का शिकार

12 शहर को मिलेगी नई पहचान, 14 करोड़ से बनेगा नया गौरवपथ




## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 15 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर की 110 एकाउंटिंग विथ टैली की प्रायोगिक परीक्षा 15 मई को प्रातः 7 बजे होगी। सभी छात्राओं को प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### एसईसी परीक्षा 15 को होगी

**धमतरी।** जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों की स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसईसी) विषय की मुख्य परीक्षा 15 मई को कॉलेज परिसर में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो अलग-अलग पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली में बीबीए, बीकॉम एवं बीसीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक होगी। द्वितीय पाली में बीबीए, बीकॉम एवं बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक ली जाएगी।

### वट सावित्री व्रत 16 मई को

**धमतरी।** इस वर्ष वट सावित्री व्रत 16 मई शनिवार को मनाया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए करती हैं। परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि वट वृक्ष को दीर्घायु, स्थिरता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं विधिवत पूजन कर वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं तथा परिवार की सुख-शांति एवं संतान की खुशहाली की कामना करती हैं। इस दिन शनैश्चराय जयंती का भी विशेष संयोग बन रहा है, जिससे पर्व का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

### रात्रिकालीन कबड्डी 16 को

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में 16 मई को रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम इनाम 12001 रूपये, द्वितीय इनाम 8000 रूपये, तृतीय 4000 रूपये एवं चतुर्थ इनाम 2000 रूपये रखा गया है। प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। इसकी तैयारी में मुकेश कुमार अध्यक्ष, मनीष पाल, शैलेंद्र, श्रवण, भारत, घनश्याम, देव, रमेश, गजाधर पाल एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन मई 2026 के तहत निर्वाचन से संबंधित कार्यों के सुचारू संपादन के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने जनपद पंचायत धमतरी के सेक्टर-01 के लिए जल प्रबंध संभाग रूद्री के उप अभियंता गोविंदा मिश्रा, सेक्टर-02 के लिए लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता कैलाश साहू और सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी कमलेश ध्रुव को रिजर्व सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है। जनपद पंचायत नगरी के सेक्टर-01 में अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नगरी एस.के ठाकुर और सेक्टर-02 में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग नगरी प्रशांत साहू को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत कुरूद के सेक्टर-01 में अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कुरूद विनोद कुमार देवांगन और सेक्टर-02 में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद राजेश बैस को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत मगरलोड के सेक्टर-01 में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मगरलोड मनीष कुमार ध्रुव और सेक्टर-02 में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मगरलोड सुमीत कुमार गर्डेचा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सोशल मीडिया पर नगर में तेंदुआ आने की फर्जी फोटो वायरल

## क्षेत्र में फैली दहशत, पेट्रोल पंप संचालक ने किया खंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सोशल मीडिया के युग में सूचनाएं जितनी तेजी से फैलती हैं, उतनी ही तेजी से अफवाहें भी अपनी जगह बना लेती हैं।

हाल ही में कुरुद क्षेत्र के मेघा रोड मंदरौद स्थित महानदी पेट्रोल पंप का एक मामला सामने आया है, जहां सड़क पर चलते हुए एक तेंदुए की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल की जा रही है। इस तस्वीर के साथ दावा किया जा रहा है कि तेंदुआ पेट्रोल पंप के पास देखा गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में भारी दहशत का माहौल बन गया।

जब इस वायरल फोटो की सच्चाई जानने के लिए पेट्रोल पंप संचालक से संपर्क किया गया, तो उन्होंने इन दावों को पूरी तरह सिरे से खारिज कर दिया। संचालक ने बताया कि पिछले दो दिनों (बीते कल और आज) के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की गई है। फुटेज में तेंदुए जैसी किसी भी वन्यजीव की गतिविधि रिकॉर्ड नहीं हुई है। तस्वीर पूरी तरह फेक (फर्जी) प्रतीत हो रही है और इसे किसी शरारती तत्व ने भ्रामक जानकारी के साथ साझा किया है।



### कड़ी कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की फर्जी फोटो और वीडियो डालकर शांति भंग करने वाले और दहशत फैलाने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। लोगों ने पुलिस विभाग और साइबर सेल से मांग की है कि वायरल फोटो के मूल स्रोत का पता लगाकर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर भय का वातावरण निर्मित न कर सके।

### परेशानी में संचालक और विभाग

इस झूठी खबर ने न केवल जनता को डराया है, बल्कि प्रशासन को भी हलाकान कर दिया है। पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि जब से यह फोटो वायरल हुई है, तब से उनके पास वन विभाग और पुलिस अधिकारियों के लगातार फोन आ रहे हैं, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं।

## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ को मारने दी गई थी सुपारी

# बाघ के शिकार की साजिश हुई नाकाम

## पानी में जहर मिलाते 6 लोग गिरफ्तार, सुपारी देने वाला वृद्ध भी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बड़ी मुश्किल से उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक बाघ मिला है। अब उसे भी मारने की साजिश रची जा रही है। यूएसटीआर की एंटी पोचिंग टीम ने बाघ को मारने की सुपारी देने वाले और बाघ को मारने का जुगाड़ कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके अतिरिक्त 6 अन्य लोगों को भी शिकार के लिए नाले में जहर मिलाते पकड़ा गया है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व टीम ने एक बड़ी वारदात की साजिश नाकाम की है। कुछ लोगों ने यहां बाघ का शिकार करने की साजिश रची थी। वन विभाग को गोपनीय सूत्रों से इसकी सूचना मिली, जिसके बाद एंटी पोचिंग टीम अलर्ट हो गई। उनके अनुसार ओडिशा राज्य के नुआपाडा जिला के कुछ व्यक्तियों द्वारा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघ का शिकार करने की साजिश की जा रही थी। सूचना प्राप्त होते ही उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद की एंटी पोचिंग टीम द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए निगरानी एवं जांच प्रारंभ की गई। कार्यवाही के दौरान 9 मई को टीम ने 76 वर्षीय वृद्ध आरोपी रमन हेरना पिता केदार हेरना जाति राउत ग्राम खिपरीमाल थाना सिनापाली जिला नुआपाड़ा ओडिशा को पकड़ा। पूछताछ में रमन हेरना ने बताया कि उसने ग्राम कोसमखुंटा निवासी हिंगुल रावत नामक व्यक्ति को बाघ की खाल उपलब्ध कराने का ठेका दिया था। रमन हेरना के अनुसार हिंगुल रावत ने आश्वासन दिया था कि वह बाघ को जहर, तीर कमान से मारने की योजना बनाएगा तथा यूएसटीआर सीमा से लगे ओडिशा के कटफाड़ गांव के 6-7 लोगों को इस कार्य में लगाएगा। आरोपी से चीतल सींग भी जब्त किया गया है। आरोपी रमन हेरना के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शिनाख्ति हुई, नाम मिस मैच

यूएसटीआर की एंटी पोचिंग टीम दूसरे दिन रमन हेरना को ग्राम कोसमखुंटा लेकर गई, जहां उसने उस व्यक्ति की पहचान की जिसने उसे बाघ की खाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। शिनाख्ति के आधार पर उक्त व्यक्ति को पूछताछ हेतु परिक्षेत्र कार्यालय कुल्हाड़ीघाट मुख्यालय मैनपुर लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम जालंधर बागरती बताया। हिंगुल रावत के बारे में कोई भी सूचना साझा नहीं की। मुख्य आरोपी रमन हेरना ने जालंधर बागरती की पहचान हिंगुल रावत रूप में की जिसने बाघ की खाल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था।






### 6 आरोपी और गिरफ्तार

इस मामले में ग्राम कटफाड़ के लोगों को बाघ का शिकार में लगाने की बात हुई थी। इसी आधार पर टीम ने सघन जांच की। 10 मई को उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की पेट्रोलिंग टीम ने ग्राम कटफाड़ ओडिशा के 6 व्यक्तियों को परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट के अंतर्गत स्थित रानीबरझोला नाला में अवैध प्रवेश कर बाघ एवं हाथी विचरण क्षेत्र में शिकार के उद्देश्य से नाले के पानी को जहरीला कर शिकार करते पकड़ा। आरोपियों से जहर की शीशी, मृत मछलियां, केकड़े जब्त किए गए। सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं जहर को फॉरेंसिक टीम की मदद से पुलिस एफएसएल लैब रायपुर भेजा जा रहा है।

### रिमांड पर जेल दाखिल



11 मई को आरोपी रमन हेरना एवं 12 मई को कटफाड़ (ओडिशा) के 6 आरोपी बुधराम पहरिया, अनंतराम पहरिया, मनलाल पहरिया, दिगसन पहरिया, धनु चिड़ा और मधुराम पहरिया सभी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राजिम के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपियों को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। कुसुमखुंटा एवं कटफाड़ ग्राम के फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। वन विभाग ने जालंधर बागरती को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35 के अंतर्गत विवेचना में सहयोग करने की शर्त पर मुचलके पर मेडिकल परीक्षण के पश्चात दिनांक उनके परिजन के सुपुर्द किया गया।

### रिजर्व क्षेत्र में हाई अलर्ट

इस साजिश का पर्दाफाश होने के बाद उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बाघ की सक्रिय उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा अन्य शिकारियों के फरार होने की संभावना के कारण वन विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में सघन चेकिंग की जा रही है। वन अमला द्वारा ओडिशा सीमा पर कई जगहों पर कैम्प लगाकर एवं थर्मल ड्रोन का उपयोग कर दिन-रात सतत निगरानी और गश्ती की जा रही है। इस कार्रवाई में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व, खरियार वनमंडल (ओडिशा) एवं फॉरेंसिक टीम गरियाबंद पुलिस का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 5 चालकों पर कार्रवाई



- परमिट निरस्त व लाइसेंस निलंबन की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यातायात पुलिस ने मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने वाले पांच वाहन चालकों के खिलाफ 26 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की है। ऐसे वाहनों की परमिट निरस्त व चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की भी कार्रवाई की जायेगी।

जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी परिवहन करने जैसी खतरनाक एवं जानलेवा प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए मालवाहक पिकअप वाहनों में सवारी परिवहन करते पाए जाने पर पांच पिकअप वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रत्येक वाहन चालक से 5300 रूपये कुल 26500 रूपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही चालकों को भविष्य में मालवाहक वाहनों में सवारी न ढोने की सख्त समझाइश दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित वाहनों के परमिट को निरस्त कराने एवं उक्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित कराने के लिए पृथक से वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

# आयुक्त ने किया आंगनबाड़ी केंद्र जोधापुर का निरीक्षण

- पालकों के साथ बैठक कर कुपोषण से लड़ने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने जोधापुर के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पालकों के साथ बैठक कर कुपोषण के शिकार हुए बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय सुझाए। वहीं गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में निर्धारित समय अवधि के लिए भेजकर कुपोषण से बचाने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, बच्चों के पौष्टिक आहार एवं भोजन के विषय में जानकारी लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का समय-समय पर वजन करते रहे। बच्चों को कुपोषण से मुक्त करना आवश्यक है जिस पर उनके पालकों से लगातार बच्चों के विषय में उन्हें अवगत कराते रहें। उन्होंने बच्चों के नियमित दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने कहा। आयुक्त ने बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ फल एवं बच्चों को पानी बॉटल वितरित किया।

इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डाली देवांगन मौजूद रहे।

# सोलरपंप बना तो दूर हुई पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोलर ड्यूल पंप खराब होने से डूब प्रभावित गांव कोसमी में ग्रामीणों को पानी संकट से जूझना पड़ रहा था। कलेक्टर ने इस समस्या को गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर क्रेडा ने ड्यूलपंप की मरम्मत की। अब कोसमी में पानी की समस्या दूर हो गई है।

धमतरी ब्लाक के डूब प्रभावित गांव कोसमी में क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूलपंप लगाया गया था। भरी गर्मी में ड्यूल पंप के खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा था। इस समस्या को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गंभीरता से लिया और तत्काल सुधार के निर्देश क्रेडा को दिए। क्रेडा जिला कार्यालय धमतरी के जिला प्रभारी टीआर ध्रुव के मागदर्शन में फील्ड अमला ने यहां पर नया स्प्रेयर पंप लगाया जिसके बाद गांव में पानी की समस्या दूर हो गई है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तहत शासन-प्रशासन गांव-गांव घूमकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहा है।



डूब प्रभावित गांव कोसमी की समस्या को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया

इस दौरान इस प्रकार की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। क्रेडा के अधिकारी ने बताया कि सोलरपंप बनने के बाद ग्रामीण संतुष्ट हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि गर्मी में जल संकट से निबटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

संयंत्र निरीक्षण एवं मेंटनेंस कार्य में क्रेडा जिला कार्यालय धमतरी के गितेश कुमार सिन्हा( उप अभियंता), धनेन्द्र कुमार देवांगन (मैकेनिक), ओमकार साहू (मैकेनिक), यशवंत देशलहरे, गैंदलाल साहू, देवेन्द्र मारकण्डे, खमेश्वर साहू समेत फील्ड स्टाफ का योगदान रहा।

## करेलीबड़ी पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

# गाली-गलौज करने से मना किया तो चाकू से किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

करेलीबड़ी चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम करेलीबड़ी में 12 मई 2026 की रात्रि लगभग 9:30 बजे प्रदीप रात्रे के नवनिर्मित कॉम्प्लेक्स के सामने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को करेली बड़ी ने तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थी हिमांशु राज साहू पिता टेकराम साहू उम्र 18 वर्ष निवासी करेली बड़ी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी कृष्णा साहू उर्फ लखमा पिता स्व. चंदूलाल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी करेलीबड़ी द्वारा पहले लक्की साहू को अश्लील गालियां दी जा रही थीं। जब प्रार्थी ने आरोपी को गाली-गलौज करने से मना किया, तब आरोपी आक्रोशित होकर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान आरोपी ने अपने पास रखे स्टील के धारदार चाकू से प्रार्थी की हत्या करने की नीयत से पीठ, कमर के ऊपरी हिस्से, कंधे एवं गले के पास लगातार वार कर गंभीर चोट पहुंचाई।



घटना के बाद प्रार्थी के मित्रों ने तत्काल उसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल करेलीबड़ी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु नवापारा स्थित अस्पताल ले जाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 109(1), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान करेली बड़ी पुलिस ने आहत का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, जिसमें धारदार एवं नुकीली वस्तु से चोट लगना प्रमाणित पाया गया।

आरोपी कृष्णा साहू उर्फ लखमा पिता स्व. चंदूलाल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी करेलीबड़ी, चौकी करेली बड़ी थाना मगरलोड से घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी के किराये के मकान के पास झाड़ियों से बरामद किया गया।

# खाद की कमी से किसान परेशान

- खाद की कालाबाजारी रोकने शासन-प्रशासन ने खाद की लिमिट तय की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



खाद संकट ने किसानों की हालत खराब कर दी है। कई किसान ऐसे हैं, जो खेती तो करते हैं, लेकिन दस्तावेज पर्याप्त नहीं होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल रही है। खुले बाजार में भी टोकन सिस्टम लागू है, जिसके चलते ज्यादा दाम में भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है।

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन-प्रशासन ने किसानों को दिए जाने वाले खाद की लिमिट तय कर दी है। लिमिट भी इतनी कम है, इसके भरोसे खेती संभव नहीं है। किसान प्रति एकड़ दो से ढाई बोरा यूरिया डालते हैं, लेकिन इस बार मात्र एक बोरा ही दिया जा रहा है। जिसके चलते उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। खाद की लिमिट तय किए जाने से किसानों में नाराजगी है। उन्होंने बताया कि धान की खेती में वैसे भी किसान घाटा सहते आ रहे हैं। उत्पादन अच्छा आने पर ही किसान धान की खेती में कुछ बचा सकते हैं। अब खाद में कटौती किए जाने से धान में अच्छा उत्पादन का अवसर भी खत्म हो गया है। तुकेश तेजस्वी, टेमसिंग ध्रुव, कैलाश साहू ने बताया कि खुले बाजार में भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। कुछ स्थानों पर खाद तो उपलब्ध है, लेकिन वहां भी टोकन सिस्टम से खाद दी जा रही है।

### यह भी संकट

किसान तुकेश तेजस्वी ने बताया कि पिता के निधन के बाद फौत नहीं उठा है। ऐसे में उसके आधार कार्ड पर खाद ही नहीं मिल रही है। वे पिता की 6 एकड़ खेती सम्हालते आ रहे हैं। खाद नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ गई है। वे रोजाना खाद की व्यवस्था करने के लिए भटक रहे हैं। किसान युवराज शर्मा ने बताया कि उनके पास 8 एकड़ का खाता है, लेकिन खेती वे 10 एकड़ में करते हैं। दो एकड़ के लिए खाद की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

# मौसम की लगातार आंख-मिचौली से अन्नदाताओं की बढ़ी चिंता

## सड़क और पुल पर धान सुखाने को मजबूर किसान, रबी फसल की कटाई युद्धस्तर पर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

मई माह में मौसम की लगातार आंख-मिचौली ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रबी फसल की कटाई का कार्य इन दिनों युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन बीच-बीच में बदलते मौसम और असमय बारिश की आशंका के कारण किसान अपनी उपज को सुरक्षित रखने के लिए सड़क और पुलों पर धान सुखाने को मजबूर हैं।

जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी तस्वीरें सामने आ रही हैं, जहां किसान सड़क किनारे, मुख्य मार्गों और पुलों पर धान फैलाकर सुखा रहे हैं। पर्याप्त खुले और सुरक्षित स्थान की कमी तथा मौसम की अनिश्चितता के चलते किसानों ने यह विकल्प अपनाया है। हालांकि यह उपाय किसानों के लिए मजबूरी है, लेकिन इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि यदि मौसम साफ रहता और पर्याप्त खलिहान या सुखाने की व्यवस्था उपलब्ध होती, तो उन्हें सड़क पर धान सुखाने की नौबत नहीं आती। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांवों में सामुदायिक खलिहान और सुरक्षित सुखाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके और सड़क हादसों की संभावना भी कम हो।



### सड़कों पर फैले धान से दुर्घटना की आशंका

सड़कों पर फैले धान के कारण दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं बड़े वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर मवेशी भी धान को नुकसान पहुंचाते नजर आ रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की चिंता और बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### 9 ग्रामों को घोषित किया गया टीबी मुक्त पंचायत

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य बकावंड सेक्टर जैबेल के बड़े जिराखाल में सुशासन तिहार के अवसर पर 9 ग्रामों को टीबी मुक्त पंचायत की घोषणा की गई, जिसमें ग्राम जैबेल, सतोषा, तारेका, बनकोमार, डिमरापाल, मोहलई, बड़े जिराखाल है। वर्तमान मे टी बी मुक्त ग्राम की घोषणा सुशासन तिहार में जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे की ओर से प्रमाण पत्र पंचायतों के सरपंच को प्रदाय किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, बीपीएम, पर्यवेक्षक दिनेश पराते, मुन्नालाल पानीग्राही, चन्द्रप्रकाश सेठिया, तुलेन्द्र पांडे, विकासखंड बकावंड के जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधी शामिल हुए।

### त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव कल से

**जगदलपुर।** विश्व योग दिवस से पूर्व फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान के तहत जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन और पतंजलि योग समिति बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदीवसीय विराट योग उत्सव का आयोजन 15, 16,17 मई की सुबह 5.30-7.30 बजे तक नगर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में होगा। भारत स्वाभिमान न्यास की जिला प्रभारी जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग योग से जुड़ रहे हैं जो उनकी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।

## निधन

### सुनहर राम साहू



**धमतरी।** ग्राम धौराभाठा के वयोवृद्ध नागरिक सुनहरराम साहू 96 वर्ष का निधन हो गया। वे छन्नूलाल साहू के पिता तथा मनोज कुमार और धनंजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति धौराभाठा के दादाजी थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे। उनके निधन पर लीलाराम साहू प्रधानपाठक एवं शाला परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### भगवंत सिन्हा



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी भगवंत सिन्हा उम्र 56 वर्ष का 11 मई सोमवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए। वे भगवती सिन्हा के पति तथा दोनेश्वर सिन्हा, लेखराम, नेहरू सिन्हा के पिता थे।

### गुहरीराम साहू



**अंवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी गुहरीराम साहू 75 साल का 12 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार में साहू समाज सहित अन्य शामिल हुए। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. गुहरीराम साहू प्राथमिक साख सहकारी समिति सेमरा के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। माता सेवा मंडली, रामधुन मंडली से जुड़े रहे। स्व. साहू अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र डॉ हरिनारायण साहू, लक्ष्मण साहू और रूपसिंह साहू समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, कलेक्टर ने किया सम्मानित

# प्रदेश में चमका मंदरौद-खम्हरिया का नाम, सरपंचों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 2.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत मंदरौद जनपद पंचायत कुरूद को गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में 94.48 (ए प्लस) अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल करने पर सरपंच भीकमराम लहरे एवं सचिव डेरहूराम यादव को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत खम्हरिया जनपद पंचायत धमतरी को स्वस्थ पंचायत श्रेणी में 91.33 (ए प्लस) अंक प्राप्त करने पर सरपंच श्रीमती प्रकृति यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी, एसडीएम धमतरी एवं कुरूद सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।







### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से मिली उपलब्धि

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स केवल आंकड़ों का मूल्यांकन नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत मंदरौद एवं खम्हरिया ने जनभागीदारी, पारदर्शिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर ने कहा कि जब पंचायत स्तर पर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होता है, तब उसका सीधा लाभ ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार के रूप में दिखाई देता है।

### ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा

मंदरौद सरपंच भीकम राम ने अपनी सफलता का अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंचायत में आजीविका संवर्धन, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन, ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा नियमित ग्राम सभा के माध्यम से लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। सचिव डेरहू राम यादव ने बताया कि पंचायत में योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग, समय-समय पर समीक्षा तथा हितग्राहियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

### स्वच्छता, टीकाकरण, पेयजल व्यवस्था को दी गई प्राथमिकता

ग्राम पंचायत खम्हरिया की सरपंच प्रकृति यादव ने बताया कि पंचायत में स्वच्छता, टीकाकरण, पोषण, पेयजल व्यवस्था एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को लगातार प्राथमिकता दी गई। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग और पंचायत के संयुक्त प्रयास से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा बेहतर परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# प्राचार्य मंच के संरक्षक देवेश व अध्यक्ष पीसी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



विकासखंड स्तरीय प्राचार्य मंच नगरी का गठन किया गया। संरक्षक देवेश सूर्यवंशी सहायक संचालक धमतरी बनाए गए। अध्यक्ष पद पर पीसी झा प्राचार्य बेलरगांव को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष अनीता अग्रवाल प्राचार्य सांकरा तथा मोहन कुंज प्राचार्य बिरगुड़ी मनोनीत किए गए।

मीना रामटेके प्राचार्य कन्या विद्यालय नगरी को कोषाध्यक्ष, दिनेश अग्रवाल प्राचार्य सिंगपुरी शिला को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी वीएस प्रजापति प्राचार्य नगरी को सौंपी गई, जबकि सहसचिव के रूप में एमएस जयसिंह प्राचार्य डोंगरडुला को नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी गुरुनंदन कोरे ओजस्वी प्राचार्य चिवरी सांकरा तथा प्रवक्ता अर्चना नेताम प्राचार्य छिपली बनाए गए। साथ ही समस्त प्राचार्यों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राचार्य श्रीमती सलोनी, अनीता सोम (उमरगांव), रमेश कुमार टंडन (राजपुर), दिलीप कुमार बैजने (धुपाड़), कुमार सिंह ध्रुव, रोशन कश्यप (बेलन), धनंजय कश्यप, देवकला, लोकेश मरकाम (गढ़डोंगरी), केशव प्रसाद अग्रवाल (मुहाननाला), डी.के. साहू, राजकुमार ध्रुव (घोटगांव), ललित कुमार सोनी (दुलारी) सहित अनेक प्राचार्य उपस्थित रहे। शिक्षाविदों ने आशा व्यक्त की कि यह मंच शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के समन्वय तथा शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी का परीक्षाफल शानदार रहा

**सिर्री।** शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी के सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम स्थान खिलेश्वरी निषाद 89 प्रतिशत, द्वितीय रुद्र कुमार यादव 84 प्रतिशत, तृतीय सुहानी ध्रुव 81 प्रतिशत रहे। सरपंच ओमप्रकाश यादव, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष देवलाल साहू, प्राचार्य आरके टांडे, व्याख्याता एलपी साहू, पूर्णिमा लहरे, मंजूषा बंजारे ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# सुखी परिवार की आधारशिला है मां की ममता और संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मातृ दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ धमतरी द्वारा सुखी परिवार की आधारशिला विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन दिव्यधाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के महत्व, परिवार निर्माण में मां की भूमिका एवं संस्कारयुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करना रहा।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम, करुणा और संस्कारों की जीवंत प्रतिमा होती है। मां वह छाया है जो हर परिस्थिति में अपने परिवार के साथ खड़ी रहती है और अपने स्नेह एवं ममता से पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखती है।





मातृ दिवस पर दिव्यधाम परिसर में हुआ कार्यक्रम

### मातृशक्तियां समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम की सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन ने मातृशक्ति को समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा बताते हुए कहा कि मां के संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने परिवार एवं समाज में महिलाओं की भूमिका को अतुलनीय बताया।

### मां अपने बच्चों को जीवन जीने की सही दिशा देती है

विशिष्ट अतिथि एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा ने कहा कि एक मां अपने बच्चों को केवल जन्म ही नहीं देती, बल्कि उन्हें जीवन जीने की सही दिशा भी देती है। परिवारों को मजबूत बनाने के लिए मातृ शक्ति का सम्मान एवं उनके मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। पूर्व प्राचार्य मेनोनाइट सीनियर सेकेंडरी हायर स्कूल श्रीमती हरख्रिमरन कौर खालसा ने कहा कि मां के स्नेह और अनुशासन से ही समाज में अच्छे नागरिकों का निर्माण होता है। उन्होंने मातृ शक्ति को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

### प्रेम, शांति और संस्कारों को बढ़ाने पर जोर

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके सरिता संचालिका ने राजयोग एवं आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से परिवारों में प्रेम, शांति और संस्कारों को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब परिवार में मां मानसिक रूप से सशक्त और सकारात्मक होती है, तब पूरा परिवार सुखी एवं समृद्ध बनता है। कार्यक्रम में कामिनी कौशिक सहित अतिथियों एवं मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया।

## अंचल की खबरें

### सिलीडीह को मिला 15 वें वित्त से पानी टैंकर



**अंवरी।** विधायक कुरुद अजय चंद्राकर व श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ जिला पंचायत सभापति के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सिलीडीह को 15 वें वित्त जिला पंचायत विकास निधि से पानी टैंकर प्रदान कर पानी की समस्या को दूर किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिये श्रीमती रूचि देवांगन सरपंच, रामबिलास साहू उपसरपंच, पूर्णिमा यादव, देवजानी देवांगन, दुर्गा निषाद, पूर्णिमा निषाद, जान्हवी कंवर, अम्बिका कंवर, गंगा महिलांगे, संतोष निषाद, शेखूराम साहू सचिव, अर्जुन ध्रुव रोजगार सचिव, प्रीतम सिगारे, कम्प्यूटर आपरेटर पपलेश दीवान, खिलेश्वर कंवर ने आभार व्यक्त किया है।

### जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई



**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. व्हीके पाठक ने की। एमए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सीनियर्स का गुलाल टीका लगाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों की प्रस्तुति दी। पूजा छिंदराम एवं दुर्गेश पटेल ने गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान इतिहास परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूजा छिंदराम मिस फेयरवेल एवं मनीष कुमार मिस्टर फेयरवेल चुने गए।

- पूजा मिस फेयरवेल एवं मनीष मिस्टर फेयरवेल चुने गए

### समाधान एकेडमी के मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**मगरलोड।** समाधान एकेडमी (अंग्रेजी माध्यम स्कूल) में केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा अंतर्गत कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। 5वीं में प्रथम स्थान तेजस्वी साहू 91.5 प्रतिशत, द्वितीय खुशी साहू 89.5 प्रतिशत और तृतीय देवांश साहू 88 प्रतिशत रहे। कक्षा 8वीं प्रथम काव्यांजलि साहू 95.3 प्रतिशत, द्वितीय मनीष कुमार 92.5 प्रतिशत, तृतीय झरना निषाद 90.3 प्रतिशत रही। प्रधानपाठक सीएम साहू एवं विद्यालय के स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर गोदावरी साहू, कांति निषाद, भूपेंद्र साहू, उत्तम साहू, जागेंद्र साहू, भाग्यश्री साहू, ओंकार साहू, उपासना यादव, मनोज साहू, गीतेश्वरी साहू, निकिता साहू, सोहद्रा सेन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### आर्मी भर्ती प्रशिक्षण शुरू



**बगदेही(धमतरी)।** ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में आर्मी भर्ती प्रशिक्षण आरंभ हो गया है। आने वाले कुछ दिनों में महा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने दी है।

## नल जल योजना के तहत लगाई गई पानी टंकी सूखी, मोटर पंप भी फेल

# कोलियारी में पेयजल संकट, एक किमी दूर से ला रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा नगर से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कोलियारी के ग्रामीण विगत एक सप्ताह से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत कोलियारी में जल संकट गहराया हुआ है। दो तालाब भी सूख गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा पानी छोड़ा गया था लेकिन कार्य के चलते पंचायत द्वारा तालाब में पानी नहीं भरा गया। तालाब में पानी नहीं होने से जल स्तर कम हो गया है। मोटर पंप हांफने लग गए हैं। अन्य जो व्यवस्था पीने के पानी के लिए की गई थी, वह अब फेल होते नजर आ रही है। शासन द्वारा नल जल योजना के तहत दो पानी टंकी बनाई गई है लेकिन फिर भी गांव में पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। दो-चार वार्ड के लोग पानी के लिए लड़ते नजर आ रहे हैं।



### पानी की समस्या जल्द सुलझेगी

सरपंच वेणु ध्रुव ने कहा कि पानी की व्यवस्था के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। एक-दो दिन में पानी टैंकर की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाए। जरूरत के हिसाब से ही पानी का उपयोग करें ताकि सभी लोगों को पर्याप्त रूप से पानी मिल सके।

### पंचायत में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

परेशान महिलाओं ने बताया कि नल जल योजना के तहत गांव में पानी की सप्लाई एक सप्ताह से बंद है। कई लोग 1 किलोमीटर दूर पानी लेने जाते हैं तो कई लोग गंदे पानी का भी उपयोग करते हैं। महिलाओं ने आगे कहा कि पीने के पानी के चक्कर में हम अन्य और काम में नहीं जा पा रहे हैं। महिलाओं ने पंचायत में भी शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। दिन ब दिन समस्या और बढ़ रही है लेकिन पंचायत द्वारा न ही पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है और न ही कोई समाधान हुआ है। महिलाओं ने कहा कि अगर पानी की समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो चक्काजाम करने को मजबूर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
State of the art NICU including care for Preterm, Term
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, भोयनागांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### मोदीजी की जनता से अपील उनकी नाकामी



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की देशवासियों से की गयी अपील को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इसे देशवासियों के जख्मों पर नमक डालने वाला उपदेश बताया है। पिछले 2 माह से डीजल, पेट्रोल, गैस के संकट से जूझ रही तथा महंगाई की मार झेल रहे जनता से प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें, कामकाजी वर्ग वर्क फॉर्म होम करिए, खाद्य तेल कम उपयोग करे, गैस का उपयोग कम करे, सोना मत खरीदे, विदेश यात्रा मत करे। मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिरता जा रहा है । विदेशी मुद्रा भंडार लगातार नीचे आता जा रहा है। भाजपा सरकार की आर्थिक विफलताओं की खामियाजा आज देश की गरीब और मध्यम वर्गीय जनता भुगत रही है और केंद्र सरकार प्रचार प्रसार में व्यस्त है। देश की जनता को उपदेश देने वाले मोदी जी स्वयं सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ कहीं रोड शो कर रहे हैं तो कहीं राज्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो रहे हैं। पहले भाजपाई, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी, साइकिल से चले, डीजल-पेट्रोल बचाये।

### ईंधन बचत के लिए योगेश फाउंडेशन ने टाला भ्रमण कार्यक्रम



**धमतरी।** पश्चिम एशिया युद्ध के असर के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते युद्ध तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमतों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति में देश में संभावित पेट्रोल - डीजल एवं कमर्शियल गैस संकट को ध्यान में रखते हुए योगेश फाउंडेशन की संस्थापक अंकिता मिश्रा सहित उनकी टीम ने देश हित में सराहनीय निर्णय लेते हुए 17 मई को स्पेशल बस द्वारा स्कूली बच्चों को राजिम-आरंग एवं अन्य पर्यटन स्थलों के पूर्व निर्धारित सामूहिक भ्रमण कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। फाउंडेशन की संस्थापक अंकिता मिश्रा एवं उनके सहयोगियों ने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में देश के संसाधनों पर अतिरिक्त भार न पड़े। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना चाहिए। इसी भावना से फाउंडेशन ने सामूहिक भ्रमण एवं व्यक्तिगत अन्य स्थानों के भ्रमण तथा अन्य गैर जरूरी खर्चों में भी कटौती करने का निर्णय लिया है।

### भाजपा मंडल महामंत्री ने सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयान का किया विरोध



**धमतरी।** तमिलनाडु के उदयनिधि स्टॉलिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान की भाजपा मंडल महामंत्री गौरव मगर ने कड़ी आपत्ति की है। उन्होंने कहा कि यह बयान करोड़ों सनातन धर्म मानने वाले लोगों की आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री मगर ने कहा कि सनातन परंपरा को समाप्त करने या भारतीय संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास करने वाले अनेक लोग और ताकतें समय के साथ समाप्त हो गईं, जबकि सनातन संस्कृति आज भी जीवित और प्रभावशाली है। सनातन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों का आधार है। किसी भी धर्म, संस्कृति या आस्था के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी करना लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है।

# पुरानी पेंशन देने, संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन के प्रांतीय प्रचार सचिव अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में संदीप मेश्राम सचिव, प्रकाशकुमार साहू कोषाध्यक्ष, सुभाष साहू एवं हितेंद्र दुबे सहित धमतरी विधायक ओंकार साहू से भेंट कर विद्युत कर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि पूर्व सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू कीगई है, लेकिन विद्युत मंडल प्रबंधन द्वारा शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ विद्युत कर्मियों को अब तक नहीं दिया गया।

10 साल से अधिक सेवा कर चुके संविदा कर्मियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा शोषण किया जा रहा है। रिक्त पदों पर नियमित भर्ती नहीं करके ठेके पर कार्य कराया जा रहा है। विधायक ने विद्युत कर्मियों की ज्वलंत समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता से उठाने का आश्वासन दिया।

**विद्युत कर्मियों ने धमतरी, नगरी विधायक से भेंटकर समस्याएं बताई**





इससे पूर्व अंबिका मरकाम विधायक सिहावा को कान्हा कौशिक प्रदेश कार्यालय सचिव के नेतृत्व में नगरी, सिहावा, गट्टासिल्ली, सांकरा, बेलरगांव आदि उपसंभाग एवं वितरण केन्द्र के भगवती पटेल, बंटी नेताम, हरिश्चंद्र साहू, अमरसिंह कोराम, राजू नेताम, मनीष नेताम कर्मियों ने ज्ञापन सौंपकर विद्युत कर्मियों की जायज लंबित मांगों से अवगत कराया था। इसी तरह कुरुद संभाग के जनता यूनियन के पदाधिकारियों ने कामदेव देवांगन, अश्वनी पटेल, दिलीप सोरी, रोशनलाल ध्रुव, परमेश्वर निषाद, श्याम सुंदर साहू, राजेश पनका के नेतृत्व में अजय चंद्राकर विधायक कुरुद को उनके प्रतिनिधि के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जनता यूनियन ने मांगें शीघ्र पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## सेमरा (सी) की खुदी गलियों ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुसीबत

# कुरूद की 65 करोड़ की सड़क परियोजना कछुआ गति का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग शासन द्वारा धमतरी जिले के विकास को गति देने के लिए कुरुद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुरमातराई-भेण्डरा-कोर्रा-जुगदेही-सिलौटी-सेमरा मार्ग (लंबाई 22 किमी) के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण हेतु 65.12 करोड़ रुपये की भारी-भरकम प्रशासकीय स्वीकृति के बाद शुरू हुआ विकास कार्य वर्तमान में स्थानीय ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गया है।

गौरतलब है कि इस मार्ग के महत्व को देखते हुए पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने केंद्रीय परिवहन मंत्री से विशेष मांग कर वर्ष 2019-20 में इसे एडीबी परियोजना में शामिल कराया था ताकि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर हो सके। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर तो है, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा बरती जा रही कोताही और कार्य में देरी ने शासन की मंशा पर पानी फेर दिया है।



**सेमरा (सी) की गलियां कीचड़ में हो रही तब्दील**

निर्माण कार्य में लापरवाही का सबसे बुरा असर ग्राम सेमरा (सी) में देखने को मिल रहा है। सड़क खोदकर छोड़ देने के कारण घरों के गंदे पानी की निकासी रुक गई है, जिससे गलियों में जलभराव हो रहा है। कीचड़ और मलबे के कारण पैदल चलना, साइकिल, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों का गुजरना दूभर हो गया है। ग्रामीण गजेंद्र सिन्हा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि गांव की मुख्य गली को खोदे हुए 22 दिन से अधिक का समय बीत चुका है। विकास के नाम पर हमारी गलियों को खोदकर लावारिस छोड़ दिया गया है। कीचड़ के कारण बुजुर्गों और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने शासन और संबंधित विभाग से पुरजोर मांग की है कि ठेकेदार पर कड़ा दबाव बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य गलियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके। यदि समय रहते कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है।

# विद्या कुंज स्कूल लोहरसी 12वीं में जिला टॉपर


गुंजन जैन


यशी चोपड़ा


संभव छाजेड़


समृद्धि अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आज कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्या कुंज स्कूल से कुल 132 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 124 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, 7 विद्यार्थी पूरक और 1 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 94% रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाणिज्य संकाय में गुंजन जैन एवं यशी चोपड़ा 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान, संभव छाजेड़ 94% विद्यालय में द्वितीय स्थान एवं समृद्धि अग्रवाल 91.6 % विज्ञान संकाय से विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया।

उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन एवं शिक्षकों का श्रेष्ठ मार्गदर्शन तथा अभिभावकों का सहयोग का परिणाम है। 90% से अधिक 8 विद्यार्थी 80% से अधिक 33 विद्यार्थी 70% से अधिक 39 विद्यार्थी 60% से अधिक 30 विद्यार्थी 50% से अधिक 14 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए। समस्त सफल विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती सुमन तिवारी, प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# खुशी प्रथम व नैतिक द्वितीय रहे


खुशी जैन


नैतिक जैन


गौरव महावर


अंकिता जैन


परी गौरी

- डीपीएस के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देल्ही पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल का ओवरऑल रिजल्ट 95 प्रतिशत आया है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। खुशी जैन ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नैतिक जैन ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा गौरव महावर ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहे। अंकिता जैन ने 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। परी गौरी एवं अरहम संचेती ने 91.2-91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा ट्रायना गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की श्रेष्ठ विद्यार्थियों की सूची में स्थान बनाया।


अरहम संचेती


ट्रायना गुप्ता

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग की भी सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विज्ञान और कला संकाय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण

- पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विज्ञान संकाय के 49 तथा कला संकाय के 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे।

विज्ञान संकाय में डिंपल श्रीमाली ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रीष्मा साहू ने 90 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा भावना साहू 87.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहे। कला संकाय में धारिणी ने 88.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सडशीला ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व हुपेश कुमार साहू 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय रहे। विद्यालय परिवार ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी शिक्षकों, सहायक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।


डिंपल श्रीमाली


ग्रीष्मा साहू


भावना साहू


धारिणी


सडशीला


हुपेश कुमार साहू

### छात्र वीर ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया गौरव



**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदौर के छात्र वीर चोपड़ा ने परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वीर के पिता गौतम चोपड़ा एवं माता प्रीति चोपड़ा ने उनकी सफलता पर हर्ष जताते हुए इसे मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। विद्यालय परिवार ने भी वीर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### डीपीएस के छात्र संयम ने कॉमर्स संकाय में 74% अंक प्राप्त किए



**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय के छात्र संयम चोपड़ा ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वे नवीन चोपड़ा के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार एवं विद्यालय में हर्ष का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पार्षद ने संभाली सफाई व्यवस्था की कमान

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पार्षद हिमानी साहू एक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए स्वयं मौके पर खड़े होकर सफाई कार्य कराया तथा सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कराई गई।

# शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

- 106 लोगों की हुई कैंसर स्क्रीनिंग, 90 महिलाओं का मैमोग्राम परीक्षण

**अंवरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भखारा में स्वास्थ्य जागरूकता एवं कैंसर रोकथाम को लेकर दो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एमएमआई नारायणा हेल्थ रायपुर के सहयोग से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छग के तत्वावधान में एचपीवी टीकाकरण स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

निःशुल्क कैंसर जांच शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. भरत भूषण (ऑन्कोलॉजी सर्जन) एवं डॉ. अवधेश भारत (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट) द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। कुल 106 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई। मैमोग्राम मशीन से 90 महिलाओं का मैमोग्राम परीक्षण किया गया। शिविर में महिलाओं के छाती कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुंह, गला एवं फेफड़ों से संबंधित जांच की गई। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर जांच एवं उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने महिलाओं के शरीर में गांठ, लगातार घाव, कमजोरी, थकान एवं बिना कारण वजन कम होने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी।



एचपीवी टीकाकरण स्वास्थ्य शिविर में नगर सहित आसपास के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से बालिकाएं एवं युवतियां टीकाकरण कराने पहुंचीं। इस अभियान में 46 युवतियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है। 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह टीकाकरण लाभकारी माना जाता है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने युवतियों को टीकाकरण प्रमाण पत्र वितरित किए तथा नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने एवं समय पर टीकाकरण करवाने की अपील की। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. हेमराज देवांगन, सीएमओ हरिकिशन पावरिया, डॉ. गौरव बंगानी, सभापतिगण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर बिट्टू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, झम्मन साहू, भूपेंद्र यादव, परदेसी कंवर सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला एवं नगर के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हटकेशर में महापौर ने लगाई चौपाल वार्डवासियों की सुनीं समस्याएं

**धमतरी।** हटकेशर क्षेत्र में आयोजित जन चौपाल में महापौर रामू रोहरा ने सीधे वार्डवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर प्रशासनिक संवेदनशीलता एवं जवाबदेही का परिचय दिया। जन चौपाल के दौरान नागरिकों ने सड़क, सफाई, पेयजल, नाली एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न समस्याओं को महापौर के समक्ष रखा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### दर्रा में हुई योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में 11 मई को जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता हुई। विद्यालय के प्राचार्य भानुराम रात्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग हमारे जीवन में अत्यंत उपयोगी है और हम नियमित योग करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। खेल शिक्षक राजकुमार साहू ने बताया जिलास्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में मगरलोड और कुरूद के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी शकीला देवदास, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जेपी देव, श्रीमती वंदना तिग्गा, घनश्याम ध्रुव, गैंदलाल साहू, जितेश्वर साहू का योगदान रहा। योगा में चयनित प्रतिभागी रायपुर में 15 मई को आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शामिल होंगे।

### नंदी चौक में सुशासन तिहार मनाया गया



**धमतरी।** शहर के कोष्टापारा वार्ड के नंदी चौक में सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आवास एवं पर्यावरण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में वार्डवासी अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन लेकर पहुंचे। कई समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। अन्य प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा समाधान के लिए स्वीकार किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

### नर्सिंग छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 12 मई को फ्लोरेन्स नाइटिंगेल का जन्म दिवस मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगल ने क्रीमियन युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की मदद की थी। इस अवसर पर रिलायंस इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा में जन्मदिन मनाया गया। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार लाल, फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के प्राचार्य. वी.के डेविड ने फ्लोरेन्स नाइटिंगेल की फोटो में पुष्प अर्पित और केक काटकर उन्हें याद किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ व विद्यार्थी सम्मलित हुए।

## लक्ष्मी निवास चौक से नहर नाका तक गौरवपथ बनाने प्रारंभिक सर्वे पूर्ण

# शहर को मिलेगी नई पहचान, 14 करोड़ से बनेगा नया गौरवपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर को जल्द ही एक और गौरवपथ की सौगात मिलने जा रही है। जिला प्रशासन ने लक्ष्मी निवास चौक से विंध्यवासिनी मंदिर होते हुए नहरनाका चौक तक नए गौरवपथ निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 2.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के लिए प्रारंभिक सर्वे पूरा कर लिया गया है।

नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने सड़क की चौड़ाई, यातायात व्यवस्था और आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया है। लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। गौरवपथ बनने से शहर का यह प्रमुख मार्ग आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी।

प्रस्तावित योजना के अनुसार मौजूदा सड़क को 40 फीट तक चौड़ा किया जाएगा। सड़क के दोनों ओर पक्की नालियां बनाई जाएंगी, जिससे बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं होगी। पूरे मार्ग पर आकर्षक स्ट्रीट लाइट और सेंट्रल लाइटिंग पोल लगाए जाएंगे, जिससे रात में भी बेहतर रोशनी रहेगी। पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित फुटपाथ और बीच में सुंदर डिवाइडर बनाया जाएगा। डिवाइडर पर हरियाली बढ़ाने पौधे लगाए जाएंगे तथा प्रमुख चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इससे सड़क की खूबसूरती बढ़ेगी और शहर को नया स्वरूप मिलेगा।

### सड़क चौड़ीकरण के साथ मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



#### धमतरी में दो बड़े फोरलेन

जिले में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए शासन ने दो बड़े फोरलेन प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति दी है। सिहावा चौक से कोलियारी तक 69 करोड़ रुपये की लागत से 5 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। वहीं रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक 60 करोड़ रुपये की लागत से दूसरा फोरलेन तैयार होगा। दोनों परियोजना की कुल लागत 129 करोड़ रुपये है। वर्तमान में पेड़ कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। वन विभाग और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम इस कार्य में लगी हुई है। टेंडर प्रक्रिया और बिजली पोल शिफ्टिंग के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इन मार्गों पर स्कूल, कॉलेज और अस्पताल होने के कारण यहां हमेशा भारी यातायात रहता है। फोरलेन बनने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग को मिलेगा नया स्वरूप

विंध्यवासिनी मंदिर धमतरी शहर के लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा बालक स्कूल मैदान में होने वाले बड़े आयोजनों और वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान इसी मार्ग का उपयोग लहोता है। सड़क संकरी और खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गौरवपथ बनने से श्रद्धालुओं, आम नागरिकों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। यह मार्ग शहर के प्रमुख आवागमन केन्द्रों को जोड़ता है, इसलिए इसके विकास को शहर की बड़ी आवश्यकता माना जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस परियोजना से ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

#### आमदी गौरवपथ को भी मिली स्वीकृति

आमदी क्षेत्र में गौरवपथ निर्माण के लिए भी शासन ने 6.62 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने से क्षेत्र में आवागमन आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। गौरवपथ बनने से आमदी सीधे फोरलेन सड़क से जुड़ेगा, जिससे परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इसे जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। उनका कहना है कि सड़क चौड़ीकरण, लाइटिंग और आधुनिक सुविधाओं के जरिए शहर को स्मार्ट स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में यह परियोजनाएं धमतरी की पहचान को नई ऊंचाई देंगी।

# केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट


सूर्यवल्लभा देवांगन


ओजस्वी साहू


धर्मिष्ठा महाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

सूर्यवल्लभा देवांगन ने 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ओजस्वी साहू 83.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा धर्मिष्ठा महाजन ने 82.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार, सीबीएसई प्रभारी पीएल साहू एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# आरोपों को सरपंच ने निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम पंचायत मुरा के सरपंच राकेश साहू ने उन पर लगे अवैध कब्जे के आरोपों को पूरी तरह निराधार और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि गांव के कुछ लोगों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिकायत कर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण किया है। मामले की जांच पटवारी हल्का नंबर 34 द्वारा की गई, जिसमें किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं पाया गया। राकेश साहू ने कहा कि वे जन्म से अपने पैतृक भूमि पर निवासरत हैं और वर्ष 2018-19 में उनके पिता द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पंचायत और ग्रामीण विकास समिति द्वारा शासकीय घास भूमि और चारागाह को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई लगातार की जा रही है, जिससे कुछ अतिक्रमणकारी नाराज हैं और उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

सरपंच ने कहा कि गांव के कई लोगों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा कार्रवाई से बचने के लिए सिविल कोर्ट कुरूद और हाईकोर्ट बिलासपुर में प्रकरण दायर कर प्रशासनिक कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा स्कूल, श्मशान घाट, खेल मैदान और पशु चारागाह के लिए भूमि सुरक्षित करने की पहल की गई है। श्री साहू ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार और जमीन बेचने के आरोप भी बेबुनियाद हैं।




Gyan Amrit English High School Dhamtari
Requirement

| S.N. | Post | Subject | Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Assistant Teacher | All Subject | 03 | Graduate/Post graduate/ D.ed/B.ed/D.el.ed /Diploma in Computer |
| 2. | Lecturer | Science | 01 | Post graduate/B.ed and Good command over respective subject |
| 3. | Lecturer | Hindi | 01 | Post graduate/B.ed and Good command over respective subject |
| 4. | Lecturer | Sanskrit | 01 | Post graduate/B.ed and Good command over respective subject |
| 5. | Clerk | Computer Operator | 01 | Hindi & English computer typing, Skill in content creation (Video Editing), Coral Draw Expert |

Note :-
- Interested candidate should apply with written application including Bio-data and Xerox copy of all mark sheets and experience certificate before at school office Before 25.05.2026
- The ability to speak and write English is expected.
- Submit your all testimonials in the office between 8 am to 1 pm.

Principal
Gyan Amrit English High School
Bramhanpara, Dhamtari
Mo. 8770402801, 8839634599

English Medium Admission Open Class Nursery to 10th

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

